जय माँ जय माँ बोल

जय माँ जय माँ बोल,
तर जायेगा तर, जायेगा तू,
जब दर मैया के जायेगा,
जब माँ के दर्शन पायेगा,
जय माँ जय माँ बोल,
तर जायेगा तर जायेगा तू......

ना कर भक्त इतना सोच विचार,
माँ का नाम लगाए भव से पार,
तू नाम ले सुबह शाम ले,
मां के चरणों को थाम ले,
फिर तर सागर भव जायेगा,
जय माँ जय माँ बोल,
तर जायेगा तर जायेगा तू......

माँ बच्चो की सुनती है हर बार,
करती है पूरी भक्तो की आस,
तू मना के देख दर जाके देख,
तू दिल का हाल सुनाके देख,
खाली झोली भर लाएगा,
जय माँ जय माँ बोल,
तर जायेगा तर जायेगा तू......

जब जुड़ जाये माँ से दिल के तार,
सारा जग लगता है फिर बेकार,
तू आस रख विशवास रख,
माँ के दर्शन की प्यास रख,
फिर माँ का दर्शन पायेगा
जय माँ जय माँ बोल,
तर जायेगा तर जायेगा तू......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26620/title/jai-maa-jai-maa-bol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |